संख्या–cm-69
28/01/2026

मुख्यमंत्री ने समृद्धि यात्रा के दौरान दरभंगा जिले में चल रही विकास योजनाओं की समीक्षा की

- **सरकार का मुख्य उद्देश्य है, सभी लोगों का सम्मान हो एवं उनका जीवन यापन आसान हो– मुख्यमंत्री**
- **प्रत्येक सप्ताह के दो कार्य दिवस (सोमवार एवं शुक्रवार) के दिन सभी सरकारी कार्यालयों में संबंधित अधिकारी आमलोगों से सम्मानपूर्वक मिलें, उनकी समस्याओं को संवेदनशीलता से सुनें और समाधान करें।**

पटना, 28 जनवरी 2026 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज समृद्धि यात्रा के दौरान दरभंगा के नागेन्द्र झा स्टेडियम में दरभंगा जिले की विकास कार्यों की समीक्षा की। अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि 20 नवंबर, 2025 को राज्य में नई सरकार के गठन के कुछ ही दिनों बाद हमलोगों ने राज्य को देश के सर्वाधिक विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल करने हेतु सात निश्चय–3 के कार्यक्रमों को लागू किया है। सात निश्चय–3 के सातवें निश्चय 'सबका सम्मान–जीवन आसान' (Ease of Living) का मुख्य मकसद राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को और भी आसान बनाना है। इसे लेकर हमलोग लगातार काम कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है सभी लोगों का सम्मान हो एवं उनका जीवन यापन आसान हो। हमने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि प्रत्येक सप्ताह के दो कार्य दिवस (सोमवार एवं शुक्रवार) के दिन सभी सरकारी कार्यालयों में आमलोगों से सम्मानपूर्वक मिलें, उनकी समस्याओं को संवेदनशीलता से सुनें और उसका समाधान करें। प्रत्येक सप्ताह के दो कार्य दिवस (सोमवार एवं शुक्रवार) को ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल, जिला, प्रमंडल एवं राज्य के सभी सरकारी कार्यालयों में आमलोग अपनी शिकायतों के निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी से उनके निर्धारित कार्यस्थल/कार्यालय कक्ष में मिलेंगे। सभी सरकारी कार्यालयों में आगंतुकों को सम्मानपूर्वक बैठाने एवं मिलने के साथ–साथ उनके लिए जरूरी सुविधाओं जैसे पेयजल, शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस व्यवस्था को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करें, जिससे आमजनों की समस्याओं का समाधान तेजी से हो। हमलोग राज्य के सभी नागरिकों की सुविधाओं का ख्याल रख रहे हैं। उनके जीवन को आसान और विकसित बनाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। सभी अधिकारी संवेदनशीलता के साथ योजनाओं को क्रियान्वित करें ताकि बिहार देश के सर्वाधिक विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल हो सके।

समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के दौरान घोषित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। समीक्षा बैठक के दौरान दरभंगा के जिलाधिकारी श्री कौशल कुमार ने प्रगति यात्रा से संबंधित योजनाओं, सात निश्चय–2 की

योजनाओं तथा सात निश्चय–3 की योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। जिलाधिकारी ने जिले में किए जा रहे अन्य विकास कार्यों की भी जानकारी दी।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रगति यात्रा से संबंधित जिन योजनाओं की स्वीकृति दी गई है, उनका क्रियान्वयन तेजी से करें। सात निश्चय–2 के तहत जो योजनाएं चलाई जा रही हैं उनका बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करें। सरकार लोगों के हित में कार्य कर रही है, इसे लेकर कई योजनायें चलायी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सात निश्चय–3 के तहत जो योजनाएं निर्धारित की गई हैं उस पर बेहतर ढंग से कार्य शुरू करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने अगले 5 वर्षों में 1 करोड़ युवाओं को नौकरी एवं रोजगार देने का लक्ष्य रखा है। राज्य में उद्योग लगाने और स्वरोजगार करने वालों को कई प्रकार की सुविधायें देकर सरकार उन्हें प्रोत्साहित कर रही है। बिहार में उद्योग लगाने के लिये उद्यमियों को विशेष आर्थिक पैकेज दिया जा रहा है, इससे राज्य में उद्योग लगाने वाले उद्यमियों को काफी मदद मिलेगी। उद्योग लगाने के लिये सभी जिलों में सुविधायें दी जा रही हैं। राज्य सरकार का उद्देश्य है कि बिहार में उद्योगों को और ज्यादा बढ़ावा मिले, बिहार के युवा दक्ष एवं आत्मनिर्भर हों तथा उन्हें अधिक से अधिक रोजगार मिल सके एवं उनका भविष्य सुरक्षित हो।

समीक्षा बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री संजय कुमार झा, समाज कल्याण मंत्री श्री मदन सहनी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, विकास आयुक्त श्री मिहिर कुमार सिंह, पुलिस महानिदेशक श्री विनय कुमार, संबंद्ध विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह, दरभंगा प्रमंडल के आयुक्त श्री हिमांशु कुमार राय, दरभंगा प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक श्री मनोज कुमार तिवारी, दरभंगा के जिलाधिकारी श्री कौशल कुमार, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री जगुनाथ रेड्डी सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

*****